गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,बिलासपुर(छ0ग0)

(A Central University established by the Central Universities Act 2009 No.25 of 2009)

कार्यालय परीक्षा नियंत्रक Email:
फोन नम्बर– 07752.260000 examcontoller@ggu.ac.in

क्रमांक/1091/परीक्षा/शिक्षण विभाग/2011–12 बिलासपुर 28 सितम्बर 2011

कार्यालयीन ज्ञापन

विश्वविद्यालय शिक्षण विभाग एवं फार्मेसी संस्थान की स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर के अंतर्गत सेमेस्टर प्रणाली की प्रथम,तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के नियमित छात्रों को मुख्य परीक्षा सत्र 2011–12 में सम्मिलित होने के लिए अधोहस्ताक्षरी को कुलपति महोदय की स्वीकृति से परीक्षा आवेदन पत्र जमा कराने का निर्देश प्राप्त हुआ है जो निम्नानुसार है–

बिना विलम्ब शुल्क के साथ दिनांक 04 नवम्बर 2011

विलम्ब शुल्क रूपये 100/– के साथ दिनांक 14 नवम्बर 2011

छात्रों द्वारा उक्त निर्धारित तिथियों में जमा किये गये परीक्षा आवेदन पत्र संबंधित विभाग द्वारा परीक्षा शाखा में दिनांक 21 नवम्बर 2011 तक अनिवार्य रूप से जमा किया जाना सुनिश्चित करें।

जिन छात्रों के परीक्षा परिणाम घोषित नहीं हुए हैं एवं ऐसे छात्र जो एटीकेटी की परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं उन्हें परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात सात दिवस तक बिना विलम्ब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन पत्र जमा करने की पात्रता होगी।

अग्रेषणकर्ता, कृपया परीक्षा आवेदन पत्र अग्रेषित करने से पूर्व निम्न बिंदुओं को सुनिश्चित कर लेवें कि–

1 सभी परीक्षार्थियों ने अपने नामांकन क्रमांक को परीक्षा आवेदन पत्र के निर्धारित स्थान पर सही–सही एवं स्पष्ट अंकित किया है।
2 परीक्षा आवेदन पत्र में संबधित विषय/प्रश्न पत्र, अंकसूची/ टी.आर. की तृतीय प्रति के आधार पर अंकित किया गया है।
3 परीक्षा आवेदन पत्र के डाटा शीट (कम्पयुटर फार्म) के पृष्ठ भाग में संबंधित परीक्षा के पूर्व के समस्त सेमेस्टर का विवरण अनिवार्य रूप से प्रतिपूर्ति किया गया है।
4 कक्षावार/विषयवार एवं वर्गवार छात्र संख्या छात्र नामावली के साथ अनिवार्य रूप से संलग्न किया गया है।
5 परीक्षा शुल्क का चालान क्रमांक एवं दिनांक परीक्षा आवेदन पत्र के निर्धारित स्थान पर सही–सही अंकित किया गया है।
6 परीक्षा आवेदन पत्रों को संबधित अध्यादेश के अनुसार ही अग्रेषित किया गया है।

Ranadive
परीक्षा नियंत्रक(कार्यवाहक)

प्रतिलिपि– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु

01 कुलपति/कुलसचिव जी के निजी सहायक/शीघ्र लेखक सहायक को कुलपति/कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
02 समस्त विभागाध्यक्ष शिक्षण विभाग,गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,बिलासपुर
03 विभागाध्यक्ष, फार्मेसी संस्थान,गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,बिलासपुर
04 सहायक कुलसचिव/प्रभारी (गोपनीय क्रमांक एक एवं दो/वित्त/भंडार/प्रेस)
05 मीडिया प्रभारी, गुरू घासीदास विश्वविद्यालय,बिलासपुर
06 विभागाध्यक्ष कम्प्यूटर साइंस एवं सूचना तकनीकी को छात्र हित में विश्वविद्यालय के वेवसाइट में अपलोड करने हेतु
07 संपादक...बिलासपुर को छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

1173/CS&IT
29/9/11

सहायक कुलसचिव(परीक्षा)